अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ................................................ पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2016
## (आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** हिन्दी में स्वर होते हैं- **(1)**

(A) 10 (B) 11

(C) 9 (D) 14

**2.** मनुष्य के उच्चारणोपयोगी अवयव हैं- **(1)**

(A) काकल (B) कंठ

(C) दंत (D) उपर्युक्त सभी

**3.** ध्वनि-विज्ञान में अध्ययन किया जाता है- **(1)**

(A) मानव के मुख से निकली श्वास का (B) मानव के मुख से निकली ध्वनि का

(C) मानव के मुख से निकली चीख का (D) इनमें से कोई नहीं

**4.** ओष्ठाकृति के आधार पर स्वर होते हैं- **(1)**

(A) वृत्ताकार स्वर (B) अवृत्ताकार स्वर

(C) (a) और (b) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**5.** व्यंजनों को उच्चारण की दृष्टि से बाँटा गया है- **(1)**

(A) 2 भागों में (B) 3 भागों में

(C) 4 भागों में (D) 5 भागों में

**6.** ध्वनियों के उच्चारण में होने वाले यत्न को 'प्रयत्न' कहा जाता है, यह होते हैं- **(1)**

(A) स्वर तन्त्री में कम्पन से (B) श्वास की मात्रा से

(C) जिह्वा तथा अन्य अवयवों द्वारा (D) उपर्युक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में दन्त्य व्यंजन है- **(1)**

(A) 'न' (B) 'क'

(C) 'च' (D) 'ड'

**8.** आश्चर्य, हर्ष, शोक, उत्साह इत्यादि व्यक्त करने में प्रयोग होता है- **(1)**

(A) अल्प विराम का (B) अर्द्ध विराम का

(C) पूर्ण विराम का (D) विस्मयादि बोधक का

**9.** 'ढ' वर्ण किस वर्ग में आता है- **(1)**

(A) 'क' वर्ग (B) 'ट' वर्ग

(C) 'च' वर्ग (D) इनमें से कोई नहीं

**10.** 13 संख्या है- **(1)**

(A) सम (B) विषम

(C) उपर्युक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**11.** अवरोही क्रम है- **(1)**

(A) 11,9,7,5,2 (B) 2,5,7,9,11

(C) उपर्युक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**12.** भाग की संक्रियाएँ होती है- **(1)**

(A) भाज्य (B) भाजक

(C) भागफल (D) उपर्युक्त सभी

**13.** भाषा शिक्षण के पक्ष हैं- **(1)**

(A) पठन (B) लेखन

(C) व्याकरण (D) उपर्युक्त सभी

**14.** भाषिक अज्ञानता सम्बन्धी समस्या है- **(1)**

(A) लिपि सम्बन्ध अज्ञानता (B) व्याकरण का अपर्याप्त ज्ञान

(C) सही विराम चिह्नों के प्रयोग का अभाव (D) उपर्युक्त सभी

**15.** 99 में दहाई है- **(1)**

(A) 8 (B) 9

(C) 10 (D) 11

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** लेखन का अर्थ बताइए। **(1)**

**17.** उच्चारण का दृष्टि से व्यंजन की तीन श्रेणियाँ लिखिए। **(1)**

**18.** 'अयोगवाह' के तीन प्रकार लिखिए। **(1)**

**19.** 'विकारी' शब्द किसे कहते हैं? **(1)**

**20.** 'ह्रस्व' के आधार पर हिन्दी ध्वनियों के नाम लिखिए। **(1)**

**21.** 'बलाघात' क्या है? ध्वनि-विज्ञान के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**22.** जिह्वा के आधार पर हिन्दी ध्वनियों का वर्गीकरण कर उनके नाम लिखिए। **(1)**

**23.** 'ऋ' स्वर का उच्चारण स्थान क्या है? **(1)**

**24.** 'ऊष्म' व्यंजन क्या हैं? लिखिए। **(1)**

**25.** 'अनुनासिक' स्वर को परिभाषित कीजिए। **(1)**

**26.** 'हलन्त' से क्या अभिप्राय है? लिखिए। **(1)**

**27.** अंग्रेज़ी वर्णमाला में कितने वर्ण होते हैं? लिखिए। **(1)**

**28.** 'च' वर्ग की ध्वनियाँ कितनी हैं? नाम लिखिए **(1)**

**29.** गुणा में कौन-कौन सी संक्रियाएँ होती हैं? लिखिए। **(1)**

**30.** 345 में सभी अंकों का स्थानीयमान लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** स्वर के भेद किन-किन आधार पर किए गए है? एक-एक उदाहरण देकर समझाइए। **(2)**

**32.** 'विधान-वाचक' एवं 'निषेध-वाचक' वाक्य में क्या अन्तर है? उदाहरण देकर समझाइए। **(2)**

**33.** ध्वनि के आवश्यक मूल-तत्व क्या हैं? **(2)**

**34.** लेखन की अशुद्धियों को दूर करने के उपाय बताइए। **(2)**

**35.** गिनती सिखाने सम्बन्धी मुख्य बातें बताइए **(2)**

**36.** दहाई एवं सैकड़ा का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**37.** आरोही एवं अवरोही क्रम किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**38.** शुद्ध, सुडौल तथा आकर्षक लेखन में अनुलेख, सुलेख तथा श्रुतलेख के महत्व पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**39.** समानार्थी शब्दों का आशय उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**40.** भाषा-शिक्षण में शारीरिक समस्याएँ क्या हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/2016

2. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

3. आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन-क्षमता का विकास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/bhasha-evam-ganit-ke-pathan-lekhan-ka-vikas/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN